# ONGC News, 04.10.2020 Print

| सीएनजी-पिएनजी की कीमतों में कमी | Hindustan | 3 | Bureau | Neutral |
|---|---|---|---|---|

# सीएनजी-पीएनजी की कीमतों में कमी

अच्छी खबर

नई दिल्ली | वरिष्ठ संवाददाता

घरों में इस्तेमाल होने वाली पीएनजी और वाहनों में इस्तेमाल होने वाली सीएनजी के दामों में कटौती गई है। सीएनजी की कीमत 1.53 रुपये प्रति किलोग्राम जबकि पीएनजी की कीमत में 1.05 रुपये की कटौती की गई है।

अपने ग्राहकों को बड़ी राहत देते हुए इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) ने शनिवार को कम्प्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) और पाइपलाइन नेचुरल गैस की बिक्री कीमतों में कटौती की घोषणा की। मूल्य में इस संशोधन से दिल्ली में सीएनजी के उपभोक्ता मूल्यों में 1.53 रुपये प्रति किलोग्राम की कमी होगी। नए उपभोक्ता मूल्य दिल्ली में 42.70 रुपये प्रति किलो होंगे, जो कि चार अक्तूबर को सुबह छह बजे से प्रभावी होगा।

इसी प्रकार घरेलू उपभोक्ताओं के लिए आईजीएल की ओर से कीमतों में कटौती की गई है। चार अक्तूबर से दिल्ली में घरों में पीएनजी के उपभोक्ता मूल्य में 1.05 रुपये की कटौती की जाएगी। दिल्ली में पीएनजी की कीमत 28.55 रुपये कर दी गई है।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सीएनजी : दिल्ली में १.५३ व् गुडगाँव में १.६० रूपये सस्ती | Dainik Bhaskar | 2 | Bureau | Positive |

# सीएनजी : दिल्ली में 1.53 व गुड़गांव में 1.60 रुपए सस्ती

**गुड़गांव** | इन्द्रप्रस्थ गैस लिमिटेड ने दिल्ली में सीएनजी के दामों में 1.53 रुपए प्रति किलोग्राम कम किए गए हैं। वहीं गुड़गांव में 55 रुपए से रेट घटाकर 53.40 रुपए कर दिए गए हैं। नोएडा व गाजियाबाद में सीएनजी के दामों में 1.70 रुपए कम किए गए हैं। ये रविवार से लागू हो जाएंगे।

| सीएनजी - पिएनजी: दिल्ली में सस्ती | Amar Ujala | 1 | Bureau | Positive |
|---|---|---|---|---|

## दिल्ली में सीएनजी और पीएनजी के दाम घटे

5

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर में सीएनजी-पीएनजी की कीमतों में कमी की गई। रविवार सुबह छह बजे से दिल्ली में सीएनजी 1.53 रुपये घटकर 42.70 रुपये जबकि नोएडा, ग्रेनो और गाजियाबाद में 1.70 रुपये घटकर 48.38 रुपये प्रति किलो मिलेगी। पीएनजी प्रति किलो करीब एक रुपये सस्ती हुई है।

# दिल्ली-एनसीआर में घटे सीएनजी-पीएनजी के दाम

## नई दरें आज सुबह छह बजे से प्रभावी हुईं

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड ने कंप्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) और पाइपड नेचुरल गैस (पीएनजी) के मूल्य में कटौती की है। दिल्ली में अब सीएनजी 1.53 रुपये प्रति किलो सस्ती हो गई है तो पीएनजी 1.05 रुपया प्रति स्टेंडर्ड क्यूबिक मीटर (एससीएम)। ना केवल दिल्ली बल्कि पूरे एनसीआर में सीएनजी व पीएनजी सस्ती हुई है। नई दरें 4 अक्तूबर सुबह 6 बजे से लागू हो जाएंगी।

दिल्ली-एनसीआर में सीएनजी व घरेलू पीएनजी उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिली है। इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड के अनुसार, दिल्ली में प्रति किलो सीएजी 1.53 रुपया सस्ती की गई है। इसी तरह नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद में 1.70 रुपया प्रतिकिलो सस्ती हो गई है। सोमवार सुबह से दिल्ली में सीएनजी की कीमत 42.70 प्रति किलो हो जाएगी तो नोएडा, ग्रेटर नोएडा व गाजियाबाद में 48.38 रुपया प्रति किलो मिलेगी। मुजफ्फरनगर में कीमत 56.55 प्रति किलो तो करनाल और कैथल में 50.68 प्रतिकिलो मिलेगी। इसके अलावा रेवाड़ी, गुरुग्राम में 53.40 प्रति किलो तो कानपुर में सीएनजी की कीमत 59.80 प्रति किलो हो जाएगी। सीएनजी के साथ पीएनजी की कीमत भी घटाई गई है। दिल्ली में अब 1.05 प्रति एससीएम के साथ 28.55 रुपया प्रति एससीएम से घटाकर 27.50 रुपया कर दी गई है तो नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में पीएनजी की कीमत एक रुपया घटाई गई है। 28.45 प्रति एससीएम की जगह 27.45 रुपया में मिलेगी। करनाल और रेवाड़ी में 27.55 रुपया तो गुरुग्राम में 28.20 रुपया, मुजफ्फरनगर 32.75 प्रति एससीएम घरेलू उपभोक्ताओं को मिलेगी। पीएनजी के 9.5 लाख उपभोक्ता दिल्ली में है तो ग्रेटर नोएडा, नोएडा, गाजियाबाद, मुजफ्फरनगर, करनाल, रेवाड़ी में पांच लाख उपभोक्ता है। इस तरह से 15 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी।



**पीएनजी के 1.05 प्रति किलो सस्ती, लगभग 15 लाख उपभोक्ताओं को मिलेगी राहत**

| दिल्ली में सीएनजी के दाम १.५३ रूपये घटे | Dainik Jagran | 2 | Bureau | Positive |
|---|---|---|---|---|

# दिल्ली में सीएनजी के दाम 1.53 रुपये घटे

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली :** दिल्ली में सीएनजी के दाम 1.53 रुपये घटे हैं। इस कटौती के साथ अब सीएनजी 42.70 रुपये प्रति किलो में मिलेगी। इसी तरह नोएडा, ग्रेटर नोएडा व गाजियाबाद में यह कटौती 1.70 रुपये की हुई है। अब इन शहरों में सीएनजी प्रति किलो 48.38 रुपये में मिलेगी। इस कटौती की जानकारी देते हुए इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आइजीएल) ने बताया कि देश में उत्पादित प्राकृतिक गैस के दाम घटने के बाद इस कटौती का निर्णय लिया गया है। इसी तरह मुजफ्फरनगर में यह 56.55 तथा करनाल व कैथल में 50.68 रुपये व कानपुर में 59.80 रुपये प्रति किलो मिलेगी।

कटौती का लाभ पीएनजी के घरेलू उपभोक्ताओं को भी मिलेगा। 1.05 रुपये की कटौती के साथ दिल्ली में यह 27.50 रुपये तथा करनाल व रेवाड़ी में 28.55 रुपये में उपलब्ध होगी। इसी तरह एक रुपये की कटौती के बाद नोएडा, ग्रेटर नोएडा व गाजियाबाद में यह 28.45 रुपये में मिलेगी।

गुरुग्राम में 28.20 तथा मुजफ्फरनगर में 32.75 रुपये में पीएनजी प्रति यूनिट (एससीएम) में मिलेगी। दिल्ली में पांच लाख के साथ नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद, मुजफ्फरनगर, करनाल व रेवाड़ी में कुल मिलाकर 9.5 लाख घरों में पाइप्ड प्राकृतिक गैस (पीएनजी) का कनेक्शन है। आइजीएल ने कहा कि इस कटौती के बाद दिल्ली में पेट्रोल के मुकाबले सीएनजी वाहनों को चलाने का खर्च 62 फीसद कम हो जाएगा। वहीं, एलपीजी गैस की तुलना में पीएनजी 15 फीसद सस्ती है।

| सीएनजी - पिएनजी: दिल्ली में सस्ती | Pioneer | 11 | Bureau | Positive |
|---|---|---|---|---|

# दिल्ली में सीएनजी सस्ती हुई, पीएनजी के भी दाम घटे

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और आसपास के शहरो मे सीएनजी तथा पाइप के जरिए आपूर्ति की जाने वाली रसोई गैस (पीएनजी) की कीमतो मे कटौती की गई है। प्राकृतिक गैस के दाम नीचे आने के बाद सीएनजी और पीएनजी के दाम घटे है। इंद्रप्रस्थ गैस लि. (आईजीएल) ने शनिवार को बयान मे कहा कि दिल्ली मे सीएनजी के दाम 1.53 रुपए प्रति किलोग्राम कम हुए है। वही नोएडा, ग्रेटर नोएडा तथा गाजियाबाद मे सीएनजी 1.70 रुपए प्रति किलोग्राम सस्ती हुई है। दिल्ली मे सीएनजी का दाम अब घटकर 42.70 रुपए प्रति किलोग्राम रह गया है।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| CNG cheaper by rs 1.5/kg in city, PNG rs1 | Times of India | 1 | Bureau | Positive |

# CNG cheaper by ₹1.5/kg in city, PNG ₹1

CNG will become cheaper by Rs 1.53 per kg and PNG by Re 1.05 per unit (standard cubic meter, or scm) in Delhi from Sunday as a result of a 25% drop in the price of natural gas produced from domestic fields. From Sunday 6am, CNG will cost Rs 42.70 per kg in Delhi and PNG Rs 27.50 per unit, Indraprastha Gas Ltd (IGL) said on Saturday. P 2

# CNG and PNG to be cheaper from today

**New Delhi:** CNG will become cheaper by Rs 1.53 per kg and PNG by Re 1.05 per unit (standard cubic meter) in Delhi from Sunday as a result of a 25% drop in the price of natural gas produced from domestic fields. In the neighbouring cities of Noida, Greater Noida and Ghaziabad, CNG will cost Rs 1.7 less per kg and PNG Re 1 per unit, Indraprastha Gas Ltd said on Saturday.

From Sunday 6 am, CNG will cost Rs 42.70 per kg in Delhi and Rs 48.38 per kg in Noida, Greater Noida and Ghaziabad. PNG will cost Rs. 27.50 per unit against Rs 28.55 in Delhi and Rs 27.45 as opposed to Rs 28.45 in Noida, Greater Noida and Ghaziabad. The difference in the quantum of decrease is due to the difference in the way Delhi and UP government tax the fuels.

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| CNG, cooking gas prices cut in Capital, adjoining cities | Hindustan Times | 1 | Bureau | Positive |

# CNG, cooking gas prices cut in Capital, adjoining cities

**NEW DELHI:** CNG and piped cooking gas price in the national capital and adjoining cities was on Saturday cut in sync with a reduction in natural gas prices. Indraprastha Gas Ltd said starting Sunday, the CNG price in Delhi will be reduced by ₹1.53 per kg and by ₹1.70 per kg in Noida, Greater Noida and Ghaziabad. The price of PNG to the households in Delhi has been decreased by ₹1.05 per scm from ₹28.55 per scm to ₹27.50 per scm. PTI

| CNG, price cut by RS1.53/kg in Delhi | Asian Age | 2 | Bureau | Positive |
|---|---|---|---|---|

# CNG price cut by ₹1.53/kg in Delhi

**New Delhi, Oct. 3:** CNG and piped cooking gas price in the national capital and adjoining cities was on Saturday cut in sync with a reduction in natural gas prices.

Indraprastha Gas Ltd in a statement said the CNG price in Delhi will be reduced by ₹1.53 per kg in Delhi and by ₹1.70 per kg in Noida, Greater Noida and Ghaziabad.

The new consumer price of ₹42.70 per kg in Delhi and ₹48.38 per kg in Noida, Greater Noida & Ghaziabad would be effective from 6.00 am on October 4, 2020, it said.

The revised CNG price in Muzaffarnagar would be ₹56.55 per kg, in Karnal & Kaithal would be Rs 50.68 per kg, in Rewari & Gurugram would be ₹53.40 per kg and in district Kanpur would be ₹59.80 per kg.

Along with automobile segment, the benefit of reduction in gas prices has been extended to the household segment also.

IGL will cut piped cooking gas (PNG) prices effective October 4 across all cities.

The consumer price of PNG to the households in Delhi has been decreased by ₹1.05 per scm from ₹28.55 per scm to ₹27.50 per scm, while the applicable price of domestic PNG to households in Noida, Greater Noida and Ghaziabad would be ₹27.45 per scm, which has gone down by Re 1 per scm from ₹28.45 per scm. *—PTI*

| CNG, price cut by Rs1.53/kg in City | Millennium Post | 3 | Bureau | Positive |
|---|---|---|---|---|

# CNG price cut by Rs 1.53/kg in city

**NEW DELHI:** CNG and piped cooking gas price in the national Capital and adjoining cities was on Saturday cut in sync with a reduction in natural gas prices. Indraprastha Gas Ltd in a statement said the CNG price in Delhi will be reduced by Rs 1.53 per kg in Delhi and by Rs 1.70 per kg in Noida, Greater Noida and Ghaziabad. The new consumer price of Rs 42.70 per kg in Delhi and Rs 48.38 per kg in Noida, Greater Noida & Ghaziabad would be effective from 6.00 am on October 4, 2020, it said. The revised CNG price in Muzaffarnagar would be Rs 56.55 per kg, in Karnal & Kaithal would be Rs 50.68 per kg, in Rewari & Gurugram would be Rs 53.40 per kg and in district Kanpur would be Rs 59.80 per kg. Along with automobile segment, the benefit of reduction in gas prices has been extended to the household segment also. IGL will cut piped cooking gas (PNG) prices effective October 4 across all cities. The consumer price of PNG to the households in Delhi has been decreased by Rs 1.05 per scm from Rs 28.55 per scm to Rs 27.50 per scm, while the applicable price of domestic PNG to households in Noida, Greater Noida and Ghaziabad would be Rs 27.45 per scm, which has gone down by Re 1 per scm from Rs 28.45 per scm.